# HALF YEARLY EXAMINATION, 2024-25

## HINDI

**Time – 3:00 Hrs.** **Class – VII** **M.M. : 80**

**Date – ________________**

**Name of the student ______________________________________________Section _____**

**निर्देश –1. प्रश्नपत्र में चार खंड हैं – अ, ब, स और द ।**
**2. निर्देशानुसार चारों खंडों के उत्तर देना अनिवार्य है ।**
**3. यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए ।**
**4. प्रश्नोत्तर लेखन में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें ।**

### खंड– अ (अपठित लेखन)

**प्र.1 नीचे लिखे गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में लिखिए–** **(1x5=5)**

शारीरिक विकास के लिए विद्यार्थी को अपने स्वास्थ्य की रक्षा और वृद्धि करने के लिए प्रयत्न करना चाहिए। उसे आलस्य के जीवन का परित्याग कर सदाचार और परिश्रम का जीवन अपनाना चाहिए। व्यायाम, खेलकूद आदि शारीरिक विकास के मुख्य साधन हैं। विद्यालय में हॉकी, फुटबाल, वॉलीबॉल आदि जो खेल आयोजित किए जाते हैं, उनमें विद्यार्थी को रुचिपूर्वक भाग लेना चाहिए। शरीर के स्वस्थ होने पर मस्तिष्क भी स्वस्थ होता है। अतः अध्ययन के साथ खेलों की ओर पूरा ध्यान दिया जाना चाहिए। मानसिक विकास से विद्यार्थी में स्वावलंबन, आत्मविश्वास एवं पारस्परिक सहयोग की भावना जागृत होती है। श्रेष्ठ मूल्यों की स्थापना के लिए विद्यार्थी के मानसिक विकास की आवश्यकता है। मानसिक विकास से ही शिष्टाचार, विनयशीलता तथा पारस्परिक प्रेम जैसे गुणों का विकास होता है। ये गुण ही चरित्र–निर्माण की आधारशिला हैं। इन्हीं में विद्यार्थी जीवन की सार्थकता है।

i) अपने शारीरिक विकास के लिए विद्यार्थी को क्या करना चाहिए?

ii) शारीरिक विकास के मुख्य साधन क्या हैं?

iii) मानसिक विकास का क्या परिणाम होता है?

iv) चरित्र निर्माण किस प्रकार किया जा सकता है? (उत्तर का चयन करें)

क) विनयशीलता से ख) शिष्टाचार से ग) प्रेम से घ) उक्त सभी

v) विद्यार्थी को क्या छोड़ देना चाहिए?

**प्र.2 नीचे लिखे पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में लिखिए–** **(1x5=5)**

तितली–तितली! कहाँ चली हो नंदन वन की रानी–सी।
वन–उपवन में, गिरी कानन में फिरती हो दीवानी–सी।
फूल–फूल कर, अटक–अटक कर करती कुछ मनमानी–सी।
पत्ती–पत्ती से कहती कुछ, अपनी प्रणय कहानी–सी।
यह मस्ती, इतनी चंचलता किससे अलि, तुमने पाई?
कहाँ जा रही हो इस निर्जन मंदिर ऊषा में अलसाई?
सोते ही सोते मीठी–सी सुधि तुमको किसकी आई?
जो चल पड़ी जाग झटपट लेते–लेते अँगड़ाई।

i) तितली दीवानी–सी कहाँ फिरती है?

क) बाग–बगीचों में ख) पहाड़ों के आस–पास ग) जंगल में □) ये सभी

ii) कवि के अनुसार तितली अपनी प्रेम कहानी किससे कह रही है?

क) पत्तियों से ख) फूलों से ग) कलियों से घ) पौधों से

iii) 'कानन' शब्द का क्या अर्थ है?

क) वन ख) उपवन ग) पर्वत □) इनमें से कोई नहीं

iv) तितली जल्दी–जल्दी क्यों भागी जा रही है?

क) फूलों पर विश्राम करने ख) ऊषा काल होने के कारण

ग) किसी की याद आने के कारण घ) आलस्य में डूबी होने के कारण

v) काव्यांश में 'ऊषा' शब्द का अर्थ है-

क) भौंरा ख) अली (एक नाम) ग) प्रात:काल घ) सखी

## खंड- ब (पाठ्यपुस्तक)

**प्र.3 निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (1x5=5)**

यासुकी-चान के हाथ और पैर इतने कमजोर थे कि वह पहली सीढ़ी पर भी बिना सहारे के चढ़ नहीं पाया। इस पर तोत्तो-चान नीचे उतर आई और यासुकी-चान को पीछे से धकियाने लगी। पर तोत्तो-चान थी छोटी और नाजुक-सी, इससे अधिक सहायता क्या करती! यासुकी-चान ने अपना पैर सीढ़ी पर से हटा लिया और हताशा से सिर झुकाकर खड़ा हो गया। तोत्तो-चान को पहली बार लगा कि काम उतना आसान नहीं है जितना वह सोचे बैठी थी। अब क्या करे वह?

i) यासुकी-चान के हाथ-पैर कमजोर होने का कारण था-

क) चोटग्रस्त था ख) पोलियोग्रस्त था ग) बीमार था घ) ये सभी

ii) तोत्तो-चान, यासुकी-चान की सहायता किस प्रकार कर रही थी?

क) हाथ पकड़कर ऊपर खींचते हुए ग) सीढ़ी पर पैर रखवाकर

ख) उत्साहवर्धन करते हुए घ) पीछे से धक्का लगाते हुए

iii) यासुकी-चान का मन क्यों भर उठा था?

क) आशा से ख) प्रसन्नता से ग) उत्साह से घ) निराशा से

iv) तोत्तो-चान को कौन-सा काम आसान नहीं लगा?

v) पाठ तथा लेखक का नाम लिखिए।

**प्र.4 निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में लिखिए- (1x5=5)**

आकाश का साफ़ा बाँधकर
सूरज की चिलम खींचता
बैठा है पहाड़,
घुटनों पर पड़ी है नदी चादर-सी
पास ही दहक रही है
पलाश के जंगल की अँगीठी
अंधकार दूर पूर्व में
सिमटा बैठा है भेड़ों के गल्ले-सा।

i) निम्न में से चिलम की एकरूपता किसके साथ है?

क) आकाश के ख) पलाश के ग) सूरज के घ) पहाड़ के

ii) प्रस्तुत काव्यांश में किस समय का वर्णन किया गया है?

iii) जंगल की अँगीठी किसे कहा गया है और क्यों?

iv) अँधकार किसके जैसा सिमटा बैठा है?

v) पाठ और कवि का नाम लिखिए।

**प्र.5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखें- (कोई पाँच) (1x5=5)**

i) मिठाईवाला पहले दिन क्या बनकर आया था?

ii) पक्षियों के पंख कब टूट जाते हैं?

iii) कठपुतलियाँ अपने जीवन से खुश क्यों नहीं हैं?

iv) बच्ची को लेटाकर दुष्ट आदमी कहाँ चला गया?

v) नदियों का पिता किसे कहा गया है?

vi) तोमोए में पेड़ों से जुड़ी कौन-सी परंपरा है?

**प्र.6 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही पाँच प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए - (2x5=10)**

i) पेड़ और खंभे की दोस्ती कैसे हुई?

ii) काका कालेलकर ने नदियों को लोकमाता क्यों कहा है?

iii) "अब इस बार ये पैसे न लूँगा"- कहानी के अंत में मिठाईवाले ने ऐसा क्यों कहा?

iv) पक्षी उन्मुक्त रहकर कौन–कौन सी इच्छाएँ पूरी करना चाहते हैं?

v) क्या वजह थी कि सभी पात्र मिलकर भी लड़की को उसके घर नहीं पहुँचा पा रहे थे?

vi) अपनी माँ से झूठ बोलते समय तोत्तो–चान की नजरें नीचे क्यों थीं?

**प्र.7 निम्नलिखित मूल्यबोध से संबंधित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** **(3x2=6)**

i) 'पापा खो गए' पाठ में आज के विद्यार्थियों की समस्या को किस तरह उभारा गया है?

ii) कवि ने कठपुतली को प्रतीक के रूप में क्यों लिया है? तर्क सहित उत्तर लिखिए।

**प्र.8** **'बाल महाभारत'** से संबंधित निम्नलिखित **किन्ही पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखिए – **(1x5=5)**

i) देवव्रत आगे चलकर किस नाम से प्रसिद्ध हुए?

ii) कौरव किसके पुत्र थे?

iii) द्रौपदी किस प्रदेश की राजकुमारी थी?

iv) कर्ण को अमोघ शक्ति किसने प्रदान की?

v) महाभारत की रचना किसने की?

vi) जरासंध का वध किसने किया था?

## खंड–स (व्याकरण)

**प्र.9 निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (1x3=3)**

i) 'दूध' और 'कान' का तत्सम शब्द (संस्कृत का मूल शब्द) लिखिए।

ii) 'कैंची' और 'झंझट' किस प्रकार के शब्द हैं?

iii) यौगिक शब्द के दो उदाहरण दीजिए।

**प्र.10 क)** 'उप' तथा 'खुश' उपसर्ग का प्रयोग करते हुए एक–एक शब्द बनाइये। **(1x2=2)**

**ख)** निम्नलिखित शब्दों में से उपसर्ग और मूल शब्द अलग करके पुनः लिखिए।

| | उपसर्ग | मूल शब्द |
|---|---|---|
| (i) हमराही | ---------- | ---------- |
| (ii) अत्याचार | ---------- | ---------- |

**प्र.11 निम्नलिखित शब्दों में से मूल शब्द और प्रत्यय छाँटकर अलग–अलग कीजिए।** **(1x2=2)**

| | □□□ □□□□ | प्रत्यय |
|---|---|---|
| (i) नमकीन | ---------- | ---------- |
| (ii) झगड़ालू | ---------- | ---------- |

**प्र.12 क) निम्नलिखित समस्तपदों का विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए–** **(1x3=3)**

| <u>समस्तपद</u> | <u>विग्रह</u> | <u>समास का नाम</u> |
|---|---|---|
| बेखटके | ----------------------- | ----------------------- |
| चतुर्भुज | ----------------------- | ----------------------- |
| सेवामुक्त | ----------------------- | ----------------------- |

**ख) निम्नलिखित विग्रहों के समस्तपद बनाइये और समास का नाम लिखिए–** **(1x2=2)**

| <u>विग्रह</u> | <u>समस्त पद</u> | <u>समास का नाम</u> |
|---|---|---|
| तीन हैं जिसके लोचन | ----------------------- | ----------------------- |
| कमल के समान नयन | ----------------------- | ----------------------- |

**प्र.13 निम्नलिखित शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए–** **(1x3=3)**

(i) पृथ्वी (ii) वीर (iii) समूह

**प्र.14 निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए– (1x3=3)**

(i) निरक्षर (ii) प्रशंसा (iii) चिंतित

**प्र.15 निम्नलिखित श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्दों के अर्थ लिखिए–** **(1x3=3)**

(i) कपट – कपाट (ii) बलि – बली (iii) इतर – इत्र

## खंड– द (रचनात्मक लेखन)

**प्र.16 निम्न में से <u>किसी एक</u> विषय पर पत्र लिखिए।**
**(5x1=5)**

आपका मित्र अनिल बीमारी के कारण परीक्षा नहीं दे पाया, इससे वह निराश है। उसका हौसला बढ़ाते हुए सहानुभूति पत्र लिखिए।

**अथवा**

आपके मोहल्ले की नालियों की ठीक से सफाई नहीं हो रही है। इसकी शिकायत करते हुए नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए।

**प्र.17 अनुच्छेद लिखिए (कोई एक)–**
**(4x1=4)**

1. विकास का आधार अनुशासन
2. पुस्तकों से दोस्ती
3. करत–करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान

**प्र.18 नीचे दिए गए चारों चित्रों का वर्णन कीजिए।**
**(4x1=4)**










